हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, मंगलवार 8 सितंबर 2026



सांकरा की टीम ने मटकी फोड़ स्पर्धा में ...







## मिट्टी के नांदिया बैल बने आकर्षण का केंद्र

खरोरा के बाजार में जगह-जगह मिट्टी के नांदिया बैल बिक्री के लिए सजाए गए हैं। छोटे से लेकर बड़े आकार तक के इन बैलों को पारंपरिक तरीके से सजाया गया है। कहीं लाल रंग की चमक दिखाई दे रही है तो कहीं नारंगी रंग के बैल लोगों का ध्यान खींच रहे हैं। इनके शरीर पर सुनहरे रंग से की गई सजावट इन्हें और भी आकर्षक बना रही है। बाजार में पहुंचने वाले लोग इन पारंपरिक खिलौनों को देखकर रुक रहे हैं और अपनी पसंद के नांदिया बैल खरीद रहे हैं। बच्चों में इन रंग-बिरंगे खिलौनों को लेकर खासा उत्साह देखा जा रहा है। वहीं बुजुर्गों के लिए यह बाजार बीते दौर की परंपराओं और बचपन की यादों को ताजा करने वाला साबित हो रहा है। नांदिया बैल के साथ ही मिट्टी से बनी चुकिया और छोटे-छोटे पारंपरिक बर्तन भी बाजार में दिखाई देने लगे हैं। पोरा पर्व की पूजा और पारंपरिक रीति-रिवाजों के लिए इनकी खरीदी की जाती है। कुम्हारों ने बड़ी संख्या में चुकिया और अन्य मिट्टी के सामान तैयार किए हैं।

# पोला पर्व को लेकर खरोरा बाजार नांदिया बैल और चुकिया से सजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा

छत्तीसगढ़ सहित ग्रामीण अंचलों में कृषि संस्कृति और परंपरा से जुड़ा पोला पर्व गुरुवार 10 सितंबर को मनाया जाएगा। भाद्रपद मास की अमावस्या को मनाया जाने वाला यह पर्व किसानों और उनके परम सहयोगी बैलों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर है। मान्यता है कि पोला के दिन धान की फसल गर्भधारण करना शुरू करती है। छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोकपरंपरा और कृषि संस्कृति से जुड़ा प्रमुख पर्व पोरा अब नजदीक है। पर्व की आहट के साथ ही खरोरा नगर का बाजार भी पारंपरिक रंग में रंगने लगा है। बाजार में मिट्टी से बने आकर्षक नांदिया बैल, चुकिया, मिट्टी के दीये और अन्य पारंपरिक सामान पहुंच चुके हैं। सड़क किनारे सजे रंग-बिरंगे मिट्टी के खिलौने लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रहे हैं और बाजार में पोरा पर्व की रौनक दिखाई देने लगी है।

खेती-किसानी और बैलों के महत्त्व से जुड़े इस पर्व में नांदिया बैल का विशेष स्थान है। यही वजह है कि पर्व से पहले ही कुम्हार परिवारों ने महीनों की मेहनत से मिट्टी के बैल तैयार कर उन्हें आकर्षक रंगों से सजाकर बाजार में उतार दिया है। लाल, नारंगी और सुनहरे रंगों में के सजे नांदिया बैलों की लंबी कतार बाजार की खूबसूरती बढ़ा रही है।

### अंचल में पोला 10 सितंबर को धूमधाम से मनाया जाएगा



### कुम्हारों के चेहरे पर भी लौटी रौनक

पोरा पर्व केवल लोगों के लिए उत्सव नहीं, बल्कि मिट्टी के पारंपरिक सामान बनाने वाले कारीगरों के लिए भी उम्मीद लेकर आता है। आधुनिक बाजार में प्लास्टिक और मशीन से बने सामानों की बढ़ती पहुंच के बीच मिट्टी के खिलौनों की बिक्री कुम्हार परिवारों की आजीविका से जुड ी हुई है।

## खबर संक्षेप

### राज्य स्तरीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता का शुभारम्भ आज

**बलौदाबाजार।** जिले मे 26वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता 2026-27 का शुभारम्भ 8 सितम्बर 2026 को अपरान्ह 3 बजे होगा। स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव के मुख्य आतिथ्य एवं राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा की अध्यक्षता मे इंडोर स्टेडियम हॉल, कॉलेज रोड कसडोल में स्पर्धा का उद्घाटन समारोह आयोजित है। इस अवसर पर जिले के प्रभारी एवं स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल सहित, सांसद, विधायक एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे। 8 से 11 सितम्बर तक आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में रग्बी, गतका एवं फैंसिग विधा मे रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर, जगदलपुर एवं सरगुजा संभाग के 520 खिलाडी भाग लेंगे जिसमे 260-260 बालक एवं बालिका शामिल हैं इसके साथ ही लगभग 100 कोच एवं टीम मैनेजर सभी संभाग के शामिल होंगे। रग्बी खेल प्रतियोगिता में बालक एवं बालिका 19 वर्ष आयु वर्ग, गतका मे 17 से 19 वर्ष बालक-बालिका, फेंसिंग मे 17 से 19 वर्ष आयु के बालक - बालिका शामिल होंगे। कलेक्टर कुलदीप शर्मा के मार्गदर्शन मे राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता की सभी तैयारी पूरी कर ली गई है। खिलाड़ी एवं कोच के ठहरने एवं भोजन इत्यादि की भी व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।

### शराब बेच रहे आरोपी के खिलाफ कार्रवाई

**महासमुंद।** बागबाहरा के कृषि उपज मंडी के पास स्थित एक घर से पुलिस ने देशी प्लेन और महुआ शराब बरामद किया है। पुलिस ने बताया कि मुखबीर से सूचना मिली कि कृषि उपज मंडी बागबाहरा के पास बसंत दीवान नाम का व्यक्ति अपने घर मे अवैध रूप से शराब बिक्री करने के लिए रखा हुआ है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर संदेही से पूछताछ की। जिस पर उसने अपना नाम बसंत दीवान पिता जोहन दीवान (38 साल) होना बताया। तलाशी लेने से पर उसके घर में एक बोरी के अंदर 18 पौवा देशी प्लेन शराब और हाथ भट्ठी निर्मित देशी महुआ शराब कुल 7.240 लीटर कुल कीमत 2240 रुपए को बरामद किया गया।

**समस्या :** मिरगी मोड़ पर हर कदम जोखिम भरा, रात में बढ़ जाता है दुर्घटना का खतरा

# सड़क बनी जानलेवा, धंसी रोड़ और गड्ढों से हादसे का खतरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अर्जुनी

बलौदाबाजार–भाटापारा मुख्य मार्ग पर अर्जुनी के मिरगी मोड़ के पास सड़क की बदहाली अब राहगीरों के लिए मुसीबत ही नहीं, बल्कि जान का खतरा बन गई है। सड़क धंसने और मार्ग की खराब स्थिति के चलते यहां आए दिन वाहन चालक हादसों का शिकार हो रहे हैं। इसके बावजूद जिम्मेदार विभाग की ओर से अब तक कोई ठोस पहल नजर नहीं आने से ग्रामीणों एवं राहगीरों में नाराजगी बढ़ती जा रही है।

मिरगी मोड़ के पास सड़क की स्थिति ऐसी हो गई है कि वाहन चालकों को हर पल संभलकर गुजरना पड़ता है। खासकर दोपहिया वाहन चालकों के लिए यह स्थान बेहद जोखिम भरा बना हुआ है। अचानक सामने आने वाले गड्ढे और धंसी सड़क के कारण वाहन का संतुलन बिगड़ने की आशंका बनी रहती है। स्थानीय लोगों व व्यापारियों का कहना है कि इस मार्ग से प्रतिदिन बड़ी संख्या में छोटे-बड़े वाहन गुजरते हैं। लेकिन सड़क की मौजूदा हालत देखकर ऐसा लगता है जैसे जिम्मेदार विभाग किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा हो। बलौदाबाजार–भाटापारा मुख्य मार्ग क्षेत्र के लोगों के लिए आवागमन की महत्वपूर्ण कड़ी है। नौकरी, व्यापार,शिक्षा और अन्य आवश्यक कार्यों के लिए प्रतिदिन हजारों लोग इस मार्ग का इस्तेमाल करते हैं। ऐसे में सड़क की खराब स्थिति का सीधा असर आम जनता पर पड़ रहा है। अब तो यह सड़क राहगीरों के लिए यह रास्ता अब सफर नहीं, जोखिम बन गया है। चालक सड़क की स्थिति देखकर वाहन संभाल लेते हैं, लेकिन रात के समय खतरा कई गुना बढ़ जाता है। पर्याप्त संकेतक अथवा चेतावनी व्यवस्था नहीं होने पर अचानक धंसी सड़क सामने आने से दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।



### लवन -मरदा पैसर रोड बदहाल



**बगबुड़ा।** जिला बलौदाबाजार के लवन क्षेत्र से मरदा से जाने वाली सड़क की खराब स्थिति के कारण आम जनता को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सड़क पर जगह-जगह गड्ढे और खराब मार्ग के चलते राहगीरों, बाइक सवारों तथा वाहन चालकों को परेशानी हो रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क की स्थिति लंबे समय से खराब है, लेकिन जिम्मेदार जनप्रतिनिधि एवं विभाग द्वारा अब तक इस ओर गंभीरता से ध्यान नहीं दिया जा रहा है। बारिश के दौरान सड़क पर पानी और कीचड़ जमा होने से समस्या और बढ़ जाती है। रात के समय गड्ढों के कारण दुर्घटना का खतरा भी बना रहता है। ग्रामीणों ने संबंधित विभाग से लवन-मरदा मार्ग की जल्द मरम्मत कराने तथा सड़क को दुरुस्त करने की मांग की है, ताकि क्षेत्र के लोगों को राहत मिल सके।

### स्थायी मरम्मत की मांग

वर्तमान स्थिति और विभागीय असंवेदनशील कार्यप्रणाली किसी की जान जाने के बाद इस दिशा में ध्यान देगा ऐसा प्रतीत हो रहा है। सबसे बड़ा सवाल यही है कि आखिर जिम्मेदार विभाग की नजर इस खतरनाक सड़क पर कब पड़ेगी? क्या किसी बड़े हादसे और जनहानि के बाद ही सड़क की मरम्मत शुरू होगी। लोगों का कहना है कि छोटी-मोटी मरम्मत या औपचारिक खानापूर्ति से समस्या का समाधान नहीं होगा। सड़क के धंसने के वास्तविक कारणों की जांच कर स्थायी मरम्मत और मजबूत सड़क निर्माण की जरूरत है। मिरगी मोड़ की बदहाल सड़क सिर्फ निर्माण एजेंसी की लापरवाही का मामला नहीं है, बल्कि यह सड़क सुरक्षा व्यवस्था की भी परीक्षा है। जब किसी मुख्य मार्ग की सड़क लगातार खराब होती जाए और वहां दुर्घटनाएं होने लगें, तो संबंधित विभागों की जिम्मेदारी और निगरानी व्यवस्था पर सवाल उठना स्वाभाविक है। स्थानीय ग्रामीणों और राहगीरों ने प्रशासन एवं संबंधित विभाग से मिरगी मोड़ की सड़क का तत्काल निरीक्षण व धंसे हिस्से की तकनीकी जांच, स्थायी मरम्मत तथा दुर्घटना रोकने के लिए चेतावनी संकेतक लगाने की मांग की है।

### जर्जर सड़क से बढ़ी परेशानी, मरम्मत की मांग को लेकर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



**बलौदाबाजार।** ग्राम रिसदा बायपास मार्ग सहित रिसदा से सेमराडीह मुख्य मार्ग की जर्जर हालत को लेकर ग्राम पंचायत रिसदा के पंचायत प्रतिनिधियों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर तत्काल सड़क मरम्मत की मांग की। सरपंच गणेश राम साहू के नेतृत्व में पंचगणों ने बताया कि पिछले कई माह से रिसदा बायपास से ढाबाडीह तक मुख्य मार्ग की स्थिति बेहद खराब है। सड़क पर जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे होने से आए दिन जाम की स्थिति निर्मित हो रही है और आवागमन प्रभावित हो रहा है। पंचायत प्रतिनिधियों ने बताया कि सड़क की खराब स्थिति के कारण आम नागरिकों के साथ स्कूली बच्चों और मरीजों को भी काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बारिश के दौरान गड्ढों में पानी भर जाने से दुर्घटना की आशंका और बढ़ गई है। उन्होंने कहा कि मार्ग की तत्काल मरम्मत नहीं होने पर ग्रामीणों द्वारा धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। ज्ञापन पर कलेक्टर ने पंचायत प्रतिनिधियों को सड़क की मरम्मत कराने का आश्वासन दिया। इस दौरान अधिवक्ता गणेश शंकर साहू, उपसरपंच पवन वर्मा, कुबेर साहू, दानी वर्मा, पप्पू डहरिया, सुनीता शर्मा, शांति ध्रुव, ऊष्मा ध्रुव और हेमंत वर्मा सहित अन्य पंचायत प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# मारपीट और लूटपाट करने वाले 4 आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ गिधौरी

बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा गुंडागर्दी, मारपीट व लूटपाट जैसी आपराधिक गतिविधियों में लिप्त असामाजिक तत्वों के विरुद्ध लगातार सख्त व प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में पुलिस चौकी गिरौदपुरी द्वारा ग्राम बरेली में कार्यक्रम के दौरान मारपीट व छीना-झपटी करने वाले 04 आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की गई है। मामले का संक्षिप्त विवरण दिनांक 6 सितंबर को प्रार्थी तरूण कुमार पटेल (उम्र 16 वर्ष, निवासी कौवाताल) द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि दिनांक 4 सितंबर की शाम वह अपने साथियों के साथ ग्राम बरेली में एक कार्यक्रम देखने गया था। इसी दौरान ग्राम बरेली के आरोपी अभिषेक साहू, नागेश साहू व उनके अन्य साथियों द्वारा अश्लील गाली-गलौज करते हुए हाथ-मुक्का, लात एवं हाथ में पहने कड़े (चुड़ा) से प्रार्थी व उसके साथियों के साथ जमकर मारपीट की गई। मारपीट के दौरान आरोपियों ने प्रार्थी के गिर जाने पर उसकी जेब में रखा रियलमी मोबाइल (सिम सहित) एवं नगदी 1,500/- जबरन झपटकर निकाल लिए। प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस चौकी गिरौदपुरी (थाना गिधौरी) में अपराध क्र. 177/2026, धारा 296, 115(2), 304(2), 3(5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।पुलिस की त्वरित कार्यवाही एवं ⏭ शेष पेज 11 पर

# 9 लीटर अवैध देसी शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार



भटगांव। भटगांव पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए मोटरसाइकिल में देसी शराब का परिवहन कर रहे एक युवक को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 9 लीटर देसी प्लेन शराब और एक बाइक जब्त की गई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, सोमवार 7 सितंबर को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति मोटरसाइकिल पर सफेद रंग के प्लास्टिक ⏭ शेष पेज 11 पर

### जब्त, कोचिया गिरफ्तार

**पलारी।** पुलिस अधीक्षक गौरव राय के कुशल निर्देशन में 6 सितंबर को थाना पलारी की पुलिस टीम द्वारा ग्राम भरूवाडीह में घेराबंदी कर अपने ठेला में अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले 01 आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी शराब कोचिया से कुल 3480 रुपए कीमत मूल्य का 5.760 बल्क लीटर देशी मसाला/अंग्रेजी गोवा शराब जप्त किया गया है। आरोपी के विरुद्ध थाना पलारी में धारा 34(2) आबकारी के तहत अपराध क्र. 363/2026 पंजीबद्ध कर आरोपी गैंदराम जांगडे उम्र 45 वर्ष निवासी ग्राम भरूवाडीह थाना पलारी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है। प्रकरण विवेचना में है।



# फर्जी अंकसूची के सहारे पाई थी नौकरी, सहायक शिक्षक निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कसडोल

जिला प्रशासन ने फर्जी व कूटरचित दस्तावेज के आधार पर नौकरी पाने वाले एक सहायक शिक्षक पर बड़ी दंडात्मक कार्रवाई की है। कलेक्टर कुलदीप शर्मा के निर्देश पर कसडोल विकासखंड के शासकीय प्राथमिक शाला कंजिया में पदस्थ सहायक शिक्षक (एलबी) रामेश्वर प्रसाद साहू को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। जारी आदेश के अनुसार पिसीद (कसडोल) निवासी हेमदास मानिकपुरी ने कलेक्टर जनदर्शन में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया गया था कि रामेश्वर प्रसाद साहू ने वर्ष 2011 में फर्जी डीएड अंकसूची (सत्र 2008, रोल नंबर 47240442) प्रस्तुत कर शिक्षाकर्मी वर्ग-03 के पद पर नियुक्ति प्राप्त की थी। ⏭ शेष पेज 11 पर

### जांच मे खुली पोल

कलेक्टर कुलदीप शर्मा के निर्देश पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) जनपद पंचायत कसडोल और विकासखंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) कसडोल द्वारा जांच की गई। जांच रिपोर्ट में गंभीर गड़बड़ी पाई गई। शिक्षक द्वारा 4 जनवरी 2011 को कार्यभार ग्रहण करते समय संलग्न डीएड प्रमाण पत्र के सील पर जिला बलौदाबाजार अंकित था, जबकि बलौदाबाजार जिले का गठन वर्ष 2012 में हुआ था। एक अन्य प्रतिवेदन के सील में जिला रायपुर दर्ज था। जांच प्रतिवेदन के आधार पर शिक्षक के उक्त कृत्य को छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के विपरीत पाया गया। छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम 9 के तहत शिक्षक रामेश्वर प्रसाद साहू को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। इसके साथ ही संबंधित के खिलाफ पृथक से विभागीय जांच संस्थित की जा रही है। निलंबन अवधि के दौरान उनका मुख्यालय कार्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी, पलारी तय किया गया है। नियम अनुसार उन्हें जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा।

**भवानीपुर अंचल में गणेश उत्सव की तैयारियां जोरों पर, जगह-जगह सज रहे पंडाल**

# गणेशजी की प्रतिमाओं को अंतिम रूप देने में जुटे कलाकार



हरिभूमि न्यूज ⏭ भवानीपुर

गणेश उत्सव को लेकर भवानीपुर अंचल में तैयारियां जोर-शोर से शुरू हो गई हैं। अंचल के विभिन्न गांवों और प्रमुख स्थानों पर गणेश उत्सव समितियों द्वारा आकर्षक पंडाल बनाए जा रहे हैं। वहीं गणेश जी की प्रतिमाओं की स्थापना को लेकर भक्तों में भी खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। गणेश उत्सव को लेकर मूर्तिकार भी दिन-रात मेहनत कर भगवान गणेश की प्रतिमाओं को अंतिम रूप देने में जुटे हुए हैं। खरतोरा के मूर्तिकार हेमंत साहू इन दिनों गणेश जी सहित मां दुर्गा की प्रतिमाओं को तैयार करने में व्यस्त हैं।

मूर्तिकार हेमंत साहू ने बताया कि इस वर्ष पिछले वर्षों की तुलना में अधिक संख्या में गणेश जी एवं मां दुर्गा की प्रतिमाएं तैयार की जा रही हैं। इस बार भक्तों द्वारा छोटी प्रतिमाओं की अपेक्षा बड़े आकार की प्रतिमाओं की मांग अधिक की जा रही है। कई श्रद्धालु बड़े आकार की प्रतिमाएं पहले ही बुक करा चुके हैं।

उन्होंने बताया कि वे पिछले करीब 25 वर्षों से गणेश जी, भगवान विश्वकर्मा, मां दुर्गा और मां लक्ष्मी की प्रतिमाएं बनाने का कार्य कर रहे हैं। वर्षों से उनकी बनाई प्रतिमाओं की मांग अंचल में लगातार बढ़ रही है। उनके अनुसार इस वर्ष विशेष रूप से बड़ी प्रतिमाओं को लेकर श्रद्धालुओं में काफी उत्साह नजर आ रहा है।

हेमंत साहू ने बताया कि मूर्तियों को आकर्षक रूप देने के लिए उन्हें अंतिम रूप देने का कार्य लगातार जारी है। समय पर प्रतिमाएं तैयार करने के लिए कलाकार दिन-रात मेहनत कर रहे हैं।

# डीएवी मुख्यमंत्री स्कूलों की प्रवेश सूची का इंतजार, बच्चों का भविष्य अधर में

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेल

जिले के डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूलों में निःशुल्क शासकीय कोटे की रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए आवेदन प्रक्रिया पूरी होने के बावजूद अब तक चयन सूची जारी नहीं की गई है। इससे अभिभावकों में असमंजस है और बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होने की चिंता बढ़ गई है। जिला शिक्षा विभाग के अनुसार डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल छरछेद (कसडोल), सकरी (बलौदाबाजार) और टिकुलिया (भाटापारा) में अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के बीपीएल बच्चों के लिए रिक्त सीटों पर 16 से 22 जुलाई 2026 तक आवेदन मंगाए गए थे। विभाग ने 15 जुलाई को रिक्त सीटों की जानकारी भी जारी की थी। सितंबर शुरू होने के बावजूद प्रवेश सूची जारी नहीं होने से कई बच्चे नियमित कक्षाओं से दूर हैं। अभिभावकों का कहना है कि त्रैमासिक परीक्षा नजदीक है। ऐसे में विलंब से प्रवेश मिलने पर विद्यार्थियों को पाठ्यक्रम पूरा करने में परेशानी हो सकती है।

प्रवेश प्रक्रिया में देरी को लेकर संबंधित स्कूलों के प्राचार्यों और जिला शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं। अभिभावकों ने प्रशासन से तत्काल चयन सूची जारी कर प्रवेश प्रक्रिया पूरी करने की मांग की है। जिला शिक्षा अधिकारी केएस मरावी से पक्ष जानने संपर्क का प्रयास किया गया, लेकिन संपर्क नहीं हो सका।

## खबर संक्षेप



### तालाब के बीच स्थित शनि मंदिर बना आकर्षण का केंद्र

**खरोरा।** ग्राम माठ में स्थित तालाब के बीचों-बीच बना शनि मंदिर इन दिनों लोगों के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। चारों ओर पानी से घिरे मंदिर का दृश्य विशेष रूप से मनमोहक नजर आता है। तालाब के शांत जल में मंदिर और आसपास के पेड़ों का प्रतिबिंब इसकी खूबसूरती को और बढ़ा देता है। तालाब के मध्य स्थित मंदिर तक पहुंचने के लिए पुलनुमा रास्ता बनाया गया है, जिससे श्रद्धालु मंदिर तक पहुंचकर पूजा-अर्चना कर सकते हैं। शाम के समय यहां का नजारा और भी सुंदर दिखाई देता है। शांत वातावरण, जल से घिरा मंदिर और हरियाली लोगों को अपनी ओर आकर्षित करती है। स्थानीय लोगों के अनुसार, तालाब के बीच स्थित शनि मंदिर ग्राम माठ की एक खास पहचान बन गया है। धार्मिक आस्था के साथ-साथ यह स्थान प्राकृतिक सौंदर्य के लिए भी लोगों को आकर्षित करता है। तस्वीर में मंदिर का जल में दिखाई देता प्रतिबिंब इसकी सुंदरता को और खास बना रहा है।

### पुराने विवाद को लेकर गाली गलौज, मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम सिंघी में पुरानी रंजिश को लेकर एक व्यक्ति के साथ मारपीट किए जाने के मामले में आरोपियों के विरूद्ध खल्लारी थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को दीनबंधु साहू ने बताया कि 6 अगस्त की रात करीबन 8.30 बजे पुरानी रंजिश को लेकर उसका भाई पुरेंद्र साहू एवं भतीजा दुर्गेश साहू उसके घर के सामने गली में गाली गलौज कर रहे थे। जब उसने मना किया तब आरोपियों ने एक राय होकर हाथ मुक्का एवं आवेश में आकर भतीजा दुर्गेश साहू टंगली से सिर में पीछे से वार किया। साथ ही दोनों ने जान से मारने की धमकी दी। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### एक्सीडेंट में अज्ञात व्यक्ति की मौत

**महासमुंद।** अज्ञात व्यक्ति की एक्सीडेंट के बाद हुई मौत के मामले में जांच के तुमगांव थाने में अज्ञात वाहन चालक के विरूद्ध अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया किया है। पुलिस ने बताया कि थाना तुमगांव के मर्ग क्र 66/26 धारा 194 बीएनएसएस की जांच की गई। जांच के दौरान पीएम रिपोर्ट के आधार पर पाया गया कि मृतक अज्ञात पुरूष उम्र करीबन 50-55 वर्ष का दिनांक 18/08/2026 को सीएचसी तुमगांव से अस्पपताली मेमो प्राप्त होने पर मर्ग इंटीमेशन कायम कर जांच शव पंचनामा कार्रवाई में लिया गया तथा मृतक के शव के पंचनामा कार्रवाई के बाद पीएम करवाया गया। डॉक्टर द्वारा पीएम रिपोर्ट में अज्ञात मृतक की मृत्यु वाहन दुर्घटना से होना लेख किया गया है। जांच के बाद अज्ञात वाहन चालक के विरूद्ध धारा 106 (1) बीएनएस, 184 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

# 17 सितंबर से शुरू होगा सेवा संकल्प अभियान, घर-घर जलेंगे आशीर्वाद के दीए

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

**कलेक्टर ने ली समीक्षा बैठक, 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक चलेगा विशेष अभियान**

जनसेवा के प्रति आभार व्यक्त करने, विकसित भारत 2047 का सामूहिक संकल्प लेने और केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से बलौदाबाजार जिले में 17 सितंबर से एक माह का सेवा संकल्प अभियान शुरू होने जा रहा है। 17 अक्टूबर तक चलने वाले इस अभियान में जनप्रतिनिधियों और आम जनता की सक्रिय भागीदारी रहेगी। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने सोमवार को अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेकर अभियान की तैयारियों के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। अभियान के सुचारू संचालन के लिए जिला पंचायत सीईओ को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। कलेक्टर श्री शर्मा ने अभियान अंतर्गत आयोजित होने वाले सभी कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए संबधित जिला अधिकारियों को बेहतर कार्यक्रम आयोजित करने हेतु तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सेवा संकल्प अभियान अतिमहत्वपूर्ण अभियान हैं, सभी अधिकारी इसकी गंभीरता को देखते हुए सक्रियता से कार्य करें, सभी कार्यक्रम मे व्यापक जनसहभागिता सुनिश्चित हो। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिये कि इस अभियान के किसी भी स्तर पर कोई लापरवाही या कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कार्यक्रम के जिला नोडल अधिकारियों को तय कार्यक्रम अनुसार स्थल चिहांकन एवं आवश्यक तैयारी तेजी से प्रारम्भ करने के निर्देश दिये।



### हितग्राहियों की सफलता की कहानियां साझा की जाएंगी

25 सितंबर से 7 अक्टूबर तक आंगन का उत्सव कार्यक्रम मे आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का सम्मान और मातृ वंदन कार्यक्रम। 7 अक्टूबर को सेवा ज्योति यात्रा अंतर्गत गांव, विकासखंड एवं जिला मुख्यालय मे कलश यात्रा का आयोजन होगा। इसके साथ ही विकसित भारत संकल्प यात्रा, जल जन सेवा संकल्प और सेवा सेतु अभियान के तहत सभी विकासखंडों में विशेष शिविर। संपूर्ण माह कहानी बदलाव की के तहत योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों की सफलता की कहानियां साझा की जाएंगी। साथ ही सेवा मेरा योगदान, रंगोली राष्ट्र और राष्ट्रीय इनोवेशन चैलेंज आयोजित होंगे। अभियान का भव्य समापन 17 अक्टूबर को जन सेवक महाकुंभ के आयोजन के साथ होगा। बैठक मे सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल, अपर कलेक्टर सीमा ठाकुर, एसडीएम अरविन्द कुमार सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

## जिला स्तरीय महोत्सव में राऊत नाचा-मटका फोड़ ने बांधा समा


# जन्माष्टमी पर झेरिया यादव समाज ने निकाली शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कसडोल





झेरिया यादव समाज जिला बलौदाबाजार-भाटापारा के तत्वावधान में भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव के पावन अवसर पर श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव 2026 का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक कसडोल संदीप साहू, नगर पंचायत अध्यक्ष नागेश्वर साहू उपस्थित रहे। महोत्सव को लेकर समाजजनों में खासा उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम में जिलेभर से समाज के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, वरिष्ठजन, युवा एवं बड़ी संख्या में समाजबंधु शामिल हुए। महोत्सव के दौरान भगवान श्रीकृष्ण एवं राधा रानी की भव्य झांकी और शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में श्रद्धालुओं ने भक्तिभाव के साथ सहभागिता की। वहीं पारंपरिक राऊत नाचा, कीर्तन, सुआ नृत्य और मटका फोड़ प्रतियोगिता सहित विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने आयोजन को आकर्षक बना दिया। कलाकारों की प्रस्तुतियों पर उपस्थित समाजजनों ने जमकर उत्साहवर्धन किया। आयोजन का मुख्य उद्देश्य भगवान श्रीकृष्ण के जीवन, उनके आदर्शों एवं कर्मयोग के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के साथ यादव समाज की समृद्ध लोक संस्कृति, परंपरा और सामाजिक एकता को मजबूत करना रहा। कार्यक्रम के माध्यम से नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति और परंपराओं से जोड़ने का संदेश भी दिया गया। इस अवसर पर समाज के पदाधिकारी शंकर लाल यादव, दूजे राम यादव, मेलाराम यादव, खोलबहारा यादव, सेवक धेनुसेवक, रामगोपाल यदु सहित जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ समाजजन, युवा एवं बड़ी संख्या में समाजबंधु मौजूद रहे।



# रोहांसी के भाजपा समर्थित पार्षद अजय कांग्रेस में शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ पलारी

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पलारी की मासिक बैठक विगत दिवस नगर पंचायत रोहांसी के साहू भवन में आहूत की गई। इस दौरान वार्ड क्रमांक 15 के भाजपा समर्थित पार्षद एवं नगर पंचायत रोहांसी के सभापति अजय ध्रुव ने कांग्रेस की रीति नीति एवम विचारों से प्रभावित होकर कांग्रेस में शामिल हुए, इससे पहले भी एक भाजपा पार्षद कॉग्रेस में शामिल हो चुके हैं। पार्षद अजय ध्रुव को कसडोल विधायक संदीप साहू एवं उपस्थित कांग्रेसियों ने कांग्रेस की बैठक में गमछा पहनाकर स्वागत किया। कांग्रेस प्रवेश कराने में नगर पंचायत अध्यक्ष नंदेश्वर साहू एवम नगर उपाध्यक्ष पितांबर साहू की बड़ी भूमिका रही।कांग्रेस में शामिल अजय ध्रुव ने कहा कि भाजपा पूरे देश में नफरत और भ्रम फैलाने का काम कर रही है, देश के युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है देश की जनता कमरतोड़ महंगाई से जूझ रही है जिससे कारण उसका भाजपा से मोह भंग हुआ!उन्होंने बताया की कांग्रेस ही इस देश को महंगाई और नफरत की राजनीति से ऊपर ले जा सकती है। कार्यक्रम को नगर पंचायत अध्यक्ष गोपी साहू जिला पंचायत सदस्य व ब्लॉक अध्यक्ष रवि बंजारे ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन रोहांसी नगर पंचायत अध्यक्ष नंदेश्वर साहू ने किया। बैठक में पूर्व जनपद अध्यक्ष खिलेंद्र वर्मा, गणेश जायसवाल, अमृत साहू, नप पलारी उपाध्यक्ष पिंटू वर्मा, प्रभारी महामंत्री ऋषि साहू, गुलाब यदु, शशिकांत वर्मा, सनत वर्मा सहित नगर के पार्षदगण मंडल अध्यक्ष गण ब्लॉक कांग्रेस के पदाधिकारी सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# 12वीं के छात्रों ने निभाई शिक्षकों की भूमिका



हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रिसदा में पूर्व राष्ट्रपति एवं महान शिक्षाविद् डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती पर शिक्षक दिवस हर्षोल्लास और गरिमामय वातावरण में मनाया गया।

विद्यालय की परंपरा के अनुसार कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों ने शिक्षकों एवं कार्यालयीन कर्मचारियों की भूमिका निभाई। वरिष्ठ विद्यार्थियों ने कक्षा छठवीं से 12वीं तक तीन पीरियड में अध्यापन कार्य भी कराया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां शारदा एवं डॉ. राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण और पूजा-अर्चना से हुआ। इसके बाद शिक्षकों को श्रीफल एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया।

सांस्कृतिक कार्यक्रम में ज्योति, तानिया, रेशमा, यामिनी एवं साथियों ने 'सेवा जोहार' समूह नृत्य प्रस्तुत किया। प्रतिमा व मनीषा, सम्मेष्वरी व हेमलता ने युगल नृत्य तथा नंदनी व स्नेहा ने एकल नृत्य प्रस्तुत कर खूब तालियां बटोरीं। हीना एवं रौशनी ने डॉ. राधाकृष्णन के जीवन पर भाषण दिया। शिक्षकों के लिए मनोरंजक खेल प्रतियोगिताएं भी हुईं।

शिक्षकों ने गुरु-शिष्य परंपरा का महत्व बताते हुए विद्यार्थियों को सकारात्मक सोच, अनुशासित व्यवहार एवं अच्छे कार्यों के माध्यम से आदर्श जीवन जीने की प्रेरणा दी। समापन पर विद्यार्थियों ने शिक्षकों को स्मृति चिह्न भेंट किए।

कार्यक्रम का संचालन छात्रसंघ अध्यक्ष पूर्वेंद्र वर्मा, काजल एवं आकांक्षा ने किया। प्रभारी प्राचार्य पार्वती वर्मा के साथ शिक्षक अनिल कुमार बंजारे, दीपचंद बंजारे, रूपनारायण साहू, रमेश कुमार नेगी, नंदकुमार मल्होत्रा, इंद्र कुमार कोसले, धर्मेंद्र खरे, परस साहू, सनत खरे, संजय जोशी, भारती ऊके, अर्चना वर्मा, प्रार्थना महोबिया, विद्या साव एवं महादेवी वर्मा तथा कार्यालयीन स्टाफ गरिमा पैकरा व सुनील घृतलहरे सहित विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# न्यायमूर्ति राकेश मोहन पांडेय ने किया जिला न्यायालयों का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज बलौदाबाजार। माननीय न्यायमूर्ति राकेश मोहन पांडेय ने शनिवार को बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के न्यायालयों का निरीक्षण किया। निरीक्षण की शुरुआत भाटापारा न्यायालय से हुई, इसके बाद उन्होंने जिला एवं सत्र न्यायालय बलौदाबाजार का जायजा लिया। दोनों स्थानों पर अधिवक्ता संघों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका आत्मीय स्वागत किया। निरीक्षण के दौरान न्यायमूर्ति पांडेय ने न्यायालयीन कार्यप्रणाली, परिसर की व्यवस्थाओं, अभिलेखों सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। उन्होंने न्यायिक कार्यों के सुचारू एवं प्रभावी संचालन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। इस दौरान उन्होंने न्यायिक अधिकारियों, कर्मचारियों और अधिवक्ताओं से संवाद कर न्याय व्यवस्था को अधिक प्रभावी एवं जनोन्मुखी बनाने पर चर्चा की। जिला न्यायालय के निरीक्षण के दौरान न्यायमूर्ति पांडेय ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का भी निरीक्षण किया। उन्होंने निःशुल्क विधिक सहायता, विधिक जागरूकता, लोक अदालत तथा जरूरतमंद एवं वंचित वर्गों को न्याय उपलब्ध कराने के लिए किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि न्याय केवल न्यायालय तक सीमित नहीं है, बल्कि प्रत्येक जरूरतमंद व्यक्ति तक न्याय की पहुंच सुनिश्चित करना न्याय व्यवस्था की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। उन्होंने न्यायिक अधिकारियों एवं अधिवक्ताओं से पक्षकारों के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण अपनाते हुए न्याय प्रक्रिया को सरल, सुलभ और प्रभावी बनाने का आह्वान किया। न्यायमूर्ति पांडेय ने कहा कि न्यायालय में आने वाला प्रत्येक व्यक्ति न्याय की उम्मीद लेकर आता है। इसलिए समयबद्ध, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण न्याय उपलब्ध कराना प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने न्याय व्यवस्था में अधिवक्ताओं की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए न्याय के उद्देश्यों की पूर्ति में उनके सहयोग को आवश्यक बताया। निरीक्षण के अवसर पर न्यायिक अधिकारी, न्यायालयीन कर्मचारी, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष शारिक खान, पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

- न्याय प्रक्रिया को सरल, सुलभ और प्रभावी बनाने पर दिया जोर



# अमित बघेल का सिमगा में जोरदार स्वागत



**सिमगा।** जोहार छत्तीसगढ पार्टी के केन्द्रीय अध्यक्ष अमित बघेल का जय स्तंभ चौक सिमगा मे शनिवार को आतिशी स्वागत किया गया। लगभग 8 माह की जेल में रहने के बाद उनका ये क्षेत्र में पहला दौरा कार्यक्रम था। भाटापारा के श्री अखंड रामनाम सप्ताह के समापन जूलूस में शामिल होने अमलेश्वर से भाटापारा जाते समय जोहार छत्तीसगढ पार्टी के केन्द्रीय अध्यक्ष अमित बघेल का जय स्तंभ चौक सिमगा में जोहार छत्तीसगढ पार्टी, छत्तीसगढ़िया क्रान्ति सेना एवं छत्तीसगढिया समाज के द्वारा भव्य आतिशी स्वागत किया गया। सेनानीयों के साथ बडी संख्या मे छत्तीसगढ़िया समाज के वरिष्ठ जन, युवा व महिलाओ ने फूलमाला, पंछा व तिलक लगा कर फटाके फोड कर जोशीले नारो से स्वागत किया। सिमगा में रमेश सोनी, रामविलास साहू, कुमारी बाई वर्मा, आरती कुर्रे, नरेश वर्मा, रामेश्वरम देवांगन उपस्थित रहे। वहीं रास्ते में ग्राम बनसांकरा मे सरपंच राहूल ठाकुर व पंचायत प्रतिनिधियो, दामाखेडा में जनपद सदस्य सुरेश साहू, जितेंद्र साहू एवं साथियो ने बस स्टैंड मे स्वागत किया। तत्पश्चात कबीर आश्रम पहुंच कर समाधि स्थल पर श्रीफल चढाकर श्रध्दासुमन अर्पित कर उपस्थित लोगों से भेट कर आगे बढे। लिमतरा तिगड्डे में नवागढ व नांदघाट के पदाधिकारीयों ने गाजे-बाजे के साथ स्वागत किया। इस बीच गौटिया परसराम यदु के गृह ग्राम मर्राकोना पहुंच कर छत्तीसगढ़ महतारी व परसराम यदु के घर में उनके छायाचित्र पर माल्यार्पण कर परिजनों सरपंच कुबेर यदु, हितेंद्र यदु , सुरेन्द्र यदु, दुर्गेश यदु व ग्रामवासियों से भेंट कर काफिला भाटापारा के लिए रवाना हुआ।

# विकसित भारत यंग लीडर डायलॉग क्विज में पंजीकरण 30 सितंबर तक

**बलौदाबाजार।** राष्ट्रीय युवा दिवस 12 जनवरी 2027 के अवसर पर होने वाले विकसित भारत यंग लीडर डायलॉग के पहले चरण की ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता मे पंजीयन 30 सितम्बर 2026 तक करा सकते हैं। इस प्रतियोगिता मे 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के युवा भाग ले सकते हैं। प्रतिभागियों को अंतिम चरण में प्रधानमंत्री से भेंट और संवाद का अवसर मिलेगा। इसमें शामिल होने के लिए युवाओं को मॉय भारत पोर्टल पर पंजीकरण कर प्रतियोगिता में भाग लेना होगा। ऑनलाइन आयोजन होने से देशभर के युवा आसानी से शामिल हो सकते हैं। युवाओं को अपनी जानकारी, विचार और नेतृत्व कौशल प्रदर्शित करने का अवसर भी प्रतियोगिता देती है। विकसित भारत यंग लीडर डायलॉग के अंतिम चरण में पहुंचने वाले युवाओं को प्रधानमंत्री से भेंट और सीधे संवाद का अवसर मिलेगा। युवाओं के लिए यह अनुभव नेतृत्व क्षमता को निखारने और भविष्य की दिशा तय करने में महत्वपूर्ण साबित हो सकता है। पहले चरण मे देश भर मे ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता होगा जिसमें प्रतिभागी ऑनलाइन भाग लेंगे। प्रथम चरण मे सफल प्रतिभागी द्वितीय चरण ऑनलाइन निबंध लेखन प्रतियोगिता मे भाग लेंगे। तीसरा चरण व्यक्तिगत होगा जिसमें द्वितीय चरण मे सफल 50 प्रतिभागी जिला स्तर पर भाग लेंगे ।

## गायत्री अनुष्ठान का विधि-विधान से समापन

# 42 साधकों ने किया सवा-सवा लाख मंत्रों का जाप

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार



लवन रोड स्थित गायत्री शक्तिपीठ में सोमवार को 40 दिवसीय गायत्री अनुष्ठान का विधि-विधान से पूर्णाहुति कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। वैदिक मंत्रोच्चार और यज्ञ की आहुतियों से शक्तिपीठ परिसर भक्तिमय बना रहा। विश्व कल्याण, शांति एवं पर्यावरण संरक्षण की कामना से आयोजित अनुष्ठान में करीब 42 साधकों ने सवा-सवा लाख गायत्री मंत्र का जाप किया। साधकों द्वारा निर्धारित मंत्र जाप पूर्ण करने के बाद पूर्णाहुति कार्यक्रम आयोजित किया गया। श्रद्धालुओं ने विधिवत पूजा-अर्चना एवं यज्ञ में आहुतियां अर्पित कर विश्व में शांति, सुख-समृद्धि तथा प्रकृति एवं पर्यावरण संरक्षण की कामना की। गायत्री परिवार के सदस्यों ने बताया कि नियमित गायत्री मंत्र साधना का उद्देश्य व्यक्ति के साथ समाज और विश्व में सकारात्मक ऊर्जा एवं कल्याण की भावना को बढ़ावा देना है। 40 दिनों तक चले अनुष्ठान में साधकों ने नियमित रूप से मंत्र जाप किया। पूर्णाहुति के अवसर पर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह रहा। उपस्थित लोगों ने कहा कि लगातार चले अनुष्ठान से उन्हें आध्यात्मिक ऊर्जा और सकारात्मक वातावरण का अनुभव हुआ।

# भाजपा ने शुरू किया सेवा संकल्प अभियान 17 अक्टूबर तक चलेंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर भाजपा द्वारा 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक प्रदेशभर में सेवा संकल्प अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में भाजपा जिला बलौदाबाजार के तत्वावधान में जनसेवा एवं जनकल्याणकारी कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष नंदन जैन मुख्य अतिथि रहे। इस दौरान कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा, पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा, अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सनम जांगड़े, जिला अध्यक्ष आनंद यादव, अजय राव, टेसूलाल धुरंधर, जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा गोलू जायसवाल सहित भाजपा के मंडल अध्यक्ष, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। नंदन जैन ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान का उद्देश्य समाज के प्रत्येक वर्ग तक सेवा, सहयोग और जनकल्याण की भावना पहुंचाना है। अभियान के तहत स्वच्छता, पौधरोपण, रक्तदान, स्वास्थ्य परीक्षण, नशामुक्ति, आंगनबाड़ी में महिलाओं का सम्मान, चित्रकला एवं रंगोली प्रतियोगिता सहित विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा ने कहा कि विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के लिए सभी कार्यकर्ताओं को सक्रिय भूमिका निभानी होगी। मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री के विचारों और जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचाना कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है। जिला अध्यक्ष आनंद यादव ने योजनाओं का लाभ घर-घर पहुंचाने का आह्वान किया।

## खबर संक्षेप



### नाचा गम्मत संघ के जिला संरक्षक बने नीलेश्वर

**नर्रा।** छत्तीसगढ़ प्रदेश स्तरीय नाचा गम्मत लोक कलाकार कल्याण संघ जिला इकाई महासमुंद का महासम्मेलन हुआ। जिसमें बेजो वादक नीलेश्वर प्रसाद छोटू साहू को सर्व सहमति से जिला संरक्षक मनोनीत किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि रजीत चक्रधारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि नाचा गम्मत विधा के संरक्षण संवर्धन एवं उनके उत्थान के लिए हर वर्ष जिला स्तरीय नाचा गम्मत महोत्सव का आयोजन करने के साथ ही नाचा गम्मत से जुड़े वृद्ध कलाकारों को प्रोत्साहित करने के साथ सम्मानित भी किया जाएगा। कार्यक्रम में जिला महासमुंद के अध्यक्ष ऐतराम साहू, रितेश चक्रधारी, विकास वैष्णव, शंभू साहू, उप्पन साहू, वीरेंद्र डड़सेना, लेखराम सिन्हा, हेमलाल ठाकुर, युधिष्ठिर साहू आदि मौजूद रहे।

### प्राथमिक शाला साराडीह में शिक्षक दिवस मनाया



**महासमुंद।** ग्राम साराडीह के प्राथमिक शाला में शिक्षक दिवस एवं जन्माष्टमी उत्सव मनाया गया। जिसमें शाला के प्रधान पाठक मंजू चंद्राकर द्वारा कृष्ण के जन्म के बारे एवं कृष्ण के अनेक नामों के बारे में तथा शिक्षक दिवस के बारे में बताया। इस अवसर पर शिक्षक देवकी सिंह दीवान, भारती चंद्राकर, सुनीता पटेल, माहेश्वरी मार्कंडे मौजूद रहे।

### स्वामी शिवानंद की जयंती आज, निकलेगी प्रभातफेरी

**महासमुंद।** स्वामी शिवानंद सरस्वती योग भवन में 8 सितंबर को स्वामी शिवानंद सरस्वती की 139 वीं जयंती मनाई जाएगी। जिसके अंतर्गत प्रातःकाल 10 बजे से सायंकाल 6 बजे तक, 08 घंटे का अनवरत महामंत्र ( हरे राम, हरे राम, राम राम हरे हरे, हरे कृष्ण, हरे कृष्ण, कृष्ण कृष्ण हरे हरे) संकीर्तन किया जाएगा। कार्यक्रम दिव्य जीवन संघ के अध्यक्ष दौलत चंद्राकर के अनुसार प्रातः 6 से 7:30 बजे तक महामंत्र संकीर्तन के साथ प्रभातफेरी कचहरी चौक, कांग्रेस भवन, स्वामी चौक, तुमगांव चौक, विठोबा टाकीज होते हुए महामाया मंदिर, गांधी चौक, मलेरिया ऑफिस से बरोंडा चौक होते हुए योगभवन तक निकाली जाएगी। प्रातः 8:30 बजे से पादुका पूजन। संध्या 06 से 08:30 बजे तक भजन-कीर्तन एवं स्वामी शिवानंद सरस्वती की जीवनी पर चर्चा। तत्पश्चात आरती, प्रसाद वितरण व समापन होगा।

### जेराक्स मशीन से निकला सांप

**कोमाखान।** बस स्टैंड स्थित कंप्यूटर सेंटर में फोटोकापी (जेराक्स) मशीन से एक दो-ढाई फीट लंबा सांप निकला। मशीन से सांप निकलने से हडकंप मचा गया। देखते ही देखते बैंक आए कृषक एवं अन्य लोग इसे देखने भीड़ लग गई। सांप निकालने का काफी प्रयास किया गया, पर एक दो बार अंदर बाहर होकर फिर दुकान में घुस गया। अंत में सांप को मारकर बाहर निकाला गया। बता दें कि इसके पहले भी दुकानों में सांप निकला गया है। सांप निकलने की यह चौथी घटना है। पूर्व में राहुल मेडिकल, जैनम मोबाइल, जीजी क्लाथ सेंटर में भी सांप निकलने की घटना हो चुकी है।

### सशिमं में मनाया गया शिक्षक दिवस

**कोमाखान।** स्थानीय विद्यालय सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में शिक्षक दिवस बड़े ही उत्साहपूर्वक मनाया गया। प्रधानाचार्य टिकेश्वर उपाध्याय एवं अतिथि शिक्षक उषा सिंह द्वारा भारत माता, प्रणवाक्षर ओम, सरस्वती माता एवं महान शिक्षक डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन एवं पूजन कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। पश्चात सभी आचार्य दीदियों का भैया-बहनों द्वारा तिलक वंदन कर पुष्पगुच्छ भेंटकर सम्मानित किया गया।

## सम्मान समारोह : टंकराम वर्मा ने 150 सेवानिवृत्त शिक्षकों को किया सम्मानित

# जीवन में गुरु का स्थान सर्वोच्च होता है : मंत्री वर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार







शिक्षा के क्षेत्र में अपना जीवन समर्पित करने वाले गुरुजनों के सम्मान और उनके योगदान को स्मरण करने के उद्देश्य से स्व. सोनचंद स्मृति फाउंडेशन के तत्वावधान में नगर भवन बलौदाबाजार में शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा ने 150 सेवानिवृत्त शिक्षक-शिक्षिकाओं का सम्मान कर उनके शिक्षा, संस्कार निर्माण और समाज सेवा में दिए गए योगदान के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। यह सम्मान समारोह केवल सम्मान प्रदान करने तक सीमित नहीं रहा, बल्कि नई पीढ़ी को गुरुजनों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता की भावना से जोड़ने का संदेश भी दिया। कार्यक्रम में सेवानिवृत्त शिक्षकों के लंबे सेवाकाल और उनके द्वारा विद्यार्थियों के जीवन को दिशा देने में निभाई गई भूमिका को विशेष रूप से रेखांकित किया गया। मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि गुरु का स्थान हमारे जीवन में सर्वोच्च है। शिक्षक विद्यार्थियों को केवल विषय का ज्ञान नहीं देते, बल्कि उनके व्यक्तित्व, संस्कार और भविष्य का निर्माण करते हैं। उन्होंने कहा कि सम्मानित गुरुजनों ने अपने जीवन के महत्वपूर्ण वर्ष शिक्षा और राष्ट्र निर्माण के लिए समर्पित किए हैं। उनका योगदान कभी भुलाया नहीं जा सकता। मंत्री ने सभी शिक्षकों को दोनों हाथ जोड़कर प्रणाम करते हुए सम्मान एवं आभार व्यक्त किया। समारोह में नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन, पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा, डॉ. सनम जांगड़े, टेसूलाल धुरंधर, फाउंडेशन अध्यक्ष पुष्पराज वर्मा सहित पार्षदगण और बड़ी संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

## हरदी स्कूल में मना शिक्षक दिवस

**गोपालपुर।** संकुल केंद्र रोहिना अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला हरदी में शिक्षक दिवस मनाया गया। डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिन के अवसर पर बड़े उल्लास से शिक्षक दिवस का आयोजन किया गया जिसमें केक काटकर सभी बच्चों का मुँह मीठा कराया गया। कार्यक्रम में डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी के जीवन पर प्रकाश डाला गया। शिक्षक एक मोमबत्ती के समान होता है जो खुद जलकर दूसरों को प्रकाश देता है। शिक्षक राष्ट्र निर्माता होता हैं बच्चों को अच्छे नागरिक बनाने के लिए लगातार प्रयास करते हुए उनका सर्वांगीण विकास के लिए काम करते रहता है। सभी बच्चों ने पुष्प वर्षा कर अपने शिक्षक द्वय रामदुलार निराला उत्कृष्ट प्रधान पाठक तथा मनीष कुमार साहू का स्वागत किया। बच्चों ने अपने शिक्षक के बारे में बताया तथा अपना अनुभव साझा किया। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया और कार्यक्रम को आनंदमय और यादगार बना दिया। विद्यालय के प्रधान पाठक रामदुलार निराला ने अपने उद्बोधन में सभी बच्चों को कहा कि हमें हमारे प्रथम गुरू जो माता पिता होते हैं उनका सम्मान करना चाहिए, उनके बताए हुए मार्ग का अनुशरण करना चाहिए।समय का सदुपयोग, अनुशासन, नियमित उपस्थिति तथा शिक्षकों द्वारा दिए गए निर्देशों का पालन करना चाहिए। तभी हम एक अच्छे नागरिक बन सकते हैं। मनीष कुमार साहू शिक्षक द्वारा सभी बच्चों के लिए न्योता भोज का आयोजन किया जिसमें मीठा, पूड़ी, फल तथा पापड़ का वितरण किया गया। कार्यक्रम में निर्मला खूंटे, संगीता खूंटे, किरण, पितर बाई, लीशा, कनिका खूंटे, मोनिका खूंटे, सिमरन खूंटे, दीप्ति खूंटे, पंकज, शुभम, अमित, आशीष, हितेश, विकास का सहयोग सराहनीय रहा।



## कारितास इंडिया ने मनाया शिक्षक दिवस

**खरोरा।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला छड़िया में शिक्षक दिवस के अवसर पर एनजीओ 'खुशहाल बचपन परियोजना' कारितास इंडिया के तत्वावधान में शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों के लिए सलाद कटिंग एवं सलाद सजाओ प्रतियोगिता सहित विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी रचनात्मकता एवं प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकों को शाल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधान पाठक धीरेंद्र कुमार वर्मा ने कहा कि शिक्षक विद्यार्थियों के जीवन को सही दिशा देने वाला मार्गदर्शक होता है और बच्चों की





प्रतिभा को निखारने में ऐसे रचनात्मक आयोजनों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। शिक्षक सम्मान से न केवल शिक्षकों का उत्साह बढ़ता है, बल्कि विद्यार्थियों में भी गुरु के प्रति सम्मान और संस्कार की भावना विकसित होती है।

उन्होंने आयोजन के लिए कारितास इंडिया एवं खुशहाल बचपन परियोजना की टीम का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में एनजीओ कार्यकर्ता सरिता मधुकर, रुकसाना मैडम, चंद्रिका कोशले, कुसुमलता एवं गीतांजली यादव के अलावा विद्यालय के प्रधान पाठक धीरेंद्र कुमार वर्मा एवं शिक्षक तारकेश्वर कुमार धीवर और भारती तांती उपस्थित रहे।

## सेमरिया स्कूल में मना शिक्षक दिवस



**गोपालपुर।** शासकीय प्राथमिक विद्यालय सेमरिया में शिक्षक दिवस हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यालय परिसर को रंग-बिरंगे गुब्बारों से सजाया गया तथा विद्यार्थियों ने शिक्षकों के प्रति सम्मान एवं आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान शिक्षक दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए शिक्षकों ने विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ अनुशासन, संस्कार एवं निरंतर सीखने के लिए प्रेरित किया। विद्यार्थियों ने शिक्षकों के सम्मान में विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया। इस अवसर पर केक काटकर शिक्षक दिवस की खुशियां साझा की गईं। विद्यालय के शिक्षकों ने कहा कि शिक्षक विद्यार्थियों के जीवन को सही दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में शिक्षकों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता की भावना विकसित करना रहा। कार्यक्रम के अंत में सभी ने मिलकर शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं दीं तथा आयोजन को सफल बनाने में सहयोग के लिए विद्यार्थियों एवं शिक्षकों का आभार व्यक्त किया। प्रधान पाठक सुश्री चंद्रवती दिव्य, सहायक शिक्षक सेत कुमार साहू एवं चन्द्रकिरण सिदार ने बच्चों की उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## टोनाटार में शिक्षक दिवस पर 6 स्कूलों के शिक्षक हुए सम्मानित

**अर्जुनी।** वीर शहीद धनंजय वर्मा हाईस्कूल टोनाटार में संकुल केंद्र के आश्रित समस्त विद्यालय के प्रधान अध्यापक एवं प्राचार्य एवं शिक्षक साथियों का शिक्षक दिवस के पावन अवसर में संकुल समन्वयक देवकुमार निषाद एवं संकुल प्रभारी शशिकांत डहरिया के द्वारा संकुल के शिक्षकों का पुष्पगुच्छ एवं श्रीफल देकर सभी का सम्मान किया गया तथा संकुल प्राचार्य शशिकांत डहरिया के द्वारा शिक्षकों को अपने कर्तव्य के प्रति निष्ठावान तथा बच्चों की भविष्य के प्रति हमेशा तत्पर रहने की बात कही गई। संकुल समन्वयक देव कुमार निषाद के द्वारा सभी संस्था प्रमुखों को कहा गया कि शासन के समस्त निर्देशों का पालन करते हुए विद्यार्थियों को बेहतर से बेहतर शिक्षा देने की बात कही गई। उक्त कार्यक्रम में पूर्व माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक गायत्री कुर्रे, पूर्व माध्यमिक शाला के प्रभारी प्रधान पाठक प्रेम कुमारी मनहर, शासकीय प्राथमिक शाला टोपा के प्रधान पाठक रमेश कुमार वर्मा, शासकीय प्राथमिक शाला परसाडीह के प्रधान पाठक दौलत कुंजाम, शासकीय प्राथमिक शाला नवागांव के प्रधान पाठक दिनेश वर्मा, प्राथमिक शाला टोनाटार के प्रधानपाठक धनेश्वरी वर्मा, सुनील कुमार ठाकुर, राजकुमार लहरे, गणेशराम वर्मा, महाजन प्रसाद साहू, दर्शन कुमार देवांगन, नुकेश्वरी ध्रुव, दुर्गा ध्रुव, ललिता ध्रुव, जितेंद्र मनहर, हेमबाई खूंटे एवं सावित्री पटेल प्रमुख रूप से उपस्थित थे।



## बिनौरी विद्यालय में मना शिक्षक दिवस



**पलारी।** ग्राम पंचायत बिनौरी के शासकीय प्राथमिक शाला एवं शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय में गत दिनों शिक्षक दिवस मनाया गया । कार्यक्रम का शुभारंभ ज्ञान की अधिष्ठात्री मां सरस्वती व भारत रत्न सर्वपल्ली डॉ. राधाकृष्णन जी की छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम सभी शिक्षकों एवं शिक्षिकाओं को अतिथियों द्वारा श्रीफल एवं कलम भेंटकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि सरपंच प्रतिनिधि सनकुमार साहू ने अपने संबोधन में भारत के महान दार्शनिक,शिक्षाविद एवं पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शिक्षक का सम्मान केवल एक दिन तक सीमित नहीं रहना चाहिए बल्कि सभी विद्यार्थियों को अपने जीवनकाल तक शिक्षकों के सम्मान का भाव रखना चाहिए। शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष आकाश कुर्रे ने सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाओं के कार्य को एक बड़ी सेवा निरूपित करते हुए,अपनी भावनाएं की व्यक्त किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित सिद्धेश्वर रक्तदान समिति पलारी के संयोजक डॉ. जितेन्द्र साहू ने कहा शिक्षक केवल ज्ञान प्रदान नहीं करता, बल्कि वे हमारे जीवन को सही दिशा देते हैं, संस्कारों का निर्माण करते हैं और हमारे उज्ज्वल भविष्य की नींव रखते हैं। उन्होंने आगे कहा कि गुरु का मार्गदर्शन जीवन के अंधकार को दूर कर सफलता एवं ज्ञान का प्रकाश फैलाता है। इस अवसर पर उपसरपंच सुरेश कुमार डहरिया, रोजगार सहायक रामकुमार निराला, दुर्गेश यादव, उत्तम माण्डले, खिलेन्द्र कुर्रे, योगेश चतुर्वेदी आदि उपस्थित थे।

## नवधा रामायण समिति ने बांटे पोहा-चना



**भाटापारा।** राम नाम सप्ताह के शोभायात्रा में नगर के श्री नवधा रामायण सुंदर पाठ समिति हथनीपारा भाटापारा के तत्वाधान में गांव-गांव से आए हुए भक्त श्रद्धालु जनों को निशुल्क पोहा चना एवं चाय का वितरण करते हुए समिति के सदस्य रामस्वरूप साहू नारायण प्रसाद साहू यशवंत कुमार बजरंगदास मानिकपुरी डॉक्टर कमलेश कुमार साहू उमाशंकर साहू द्रौपदी बाई साहू सरस्वती साहू नंदिनी साहू कृतिका साहू कृति साहू गिरजा शंकर साहू मिथिलेश कुमार संतोष ध्रुव इत्यादि सैकड़ो लोग मौजूद थे समिति के सदस्यों ने यह भी निर्णय लिया की आने वाले वर्षों में इस कार्यक्रम को और अधिक भव्य बनाएंगे।

## पेज 9 के शेष

### फर्जी अंकसूची के ...

संदेह तब गहराया जब नियुक्ति के 11 साल बाद उन्होंने पंडित सुंदरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय बिलासपुर से दोबारा डीएड किया। इससे स्पष्ट हुआ कि वर्ष 2011 की नियुक्ति के समय जमा किया गया प्रमाण पत्र पूरी तरह फर्जी और कूटरचित था।

### मारपीट और लूटपाट...

गिरफ्तारी- मामले की गंभीरता को देखते हुए चौकी प्रभारी गिरौदपुरी के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा तत्काल घटनास्थल का निरीक्षण कर प्रार्थी व आहतो के कथन दर्ज किए गए। त्वरित कार्यवाही करते हुए पुलिस टीम ने दबिश देकर नामजद 04 आरोपियों को हिरासत में लिया। कड़ाई से पूछताछ करने पर आरोपियों द्वारा अपराध कारित करना स्वीकार किया गया, जिस पर उन्हें विधिवत गिरफ्तार किया गया। सभी आरोपियों को दिनांक 07 सितंबर को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर ज्यूडिशियल रिमांड पर जेल भेजने की कार्यवाही की जा रही है।

### 9 लीटर अवैध...

थैले में अवैध रूप से बिक्री के लिए देसी प्लेन शराब ले जा रहा है। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने घेराबंदी कर आरोपी विक्रांत हिरवानी (25 वर्ष), पिता परमानंद हिरवानी, निवासी वार्ड क्रमांक 14, भटगांव को धर दबोचा। आरोपी के कब्जे से 50 नग देसी प्लेन शराब (कुल 9 लीटर, कीमत लगभग 4,000 रुपए) तथा परिवहन में प्रयुक्त बजाज पल्सर मोटरसाइकिल (क्रमांक सीजी 04 पीई 9503) गवाहों के समक्ष जब्त की गई। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध आबकारी एक्ट की धारा 34(2) के तहत अपराध दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया और न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है।





# सांकरा की टीम ने मटकी फोड़ स्पर्धा में जीता इनाम

## ग्राम पंचायत गिधौरी में धूमधाम से मना श्रीकृष्ण जन्माष्टमी

हरिभूमि न्यूज ⏭ गिधौरी





महानदी नदी के पार ग्राम पंचायत गिधौरी में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पावन पर्व बड़े ही हर्षोल्लास, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया। पर्व के अवसर पर ग्राम में तीन दिवसीय भव्य मेले का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों एवं आसपास के क्षेत्रों से पहुंचे श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

जन्माष्टमी पर्व का प्रमुख आकर्षण आकाश मटकी फोड़ प्रतियोगिता रही। प्रतियोगिता में आसपास के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंची टीमों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया और अपनी शारीरिक क्षमता, सामूहिक समन्वय एवं कौशल का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के दौरान प्रतिभागी टीमों के प्रदर्शन ने उपस्थित दर्शकों में खासा उत्साह पैदा किया और पूरा आयोजन तालियों एवं जयकारों से गूंजता रहा। कड़े और रोमांचक मुकाबले के बाद सांकरा की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मटकी फोड़ने में सफलता हासिल की और प्रतियोगिता का खिताब अपने नाम किया। विजेता टीम को मुख्य अतिथि एवं आयोजन समिति की ओर से 31 हजार रुपए की नकद राशि ट्रॉफी प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत गिधौरी के सरपंच देव प्रसाद गोलू केवट ने विजेता टीम को बधाई देते हुए कहा कि श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर आयोजित तीन दिवसीय मेले और मटका फोड़ प्रतियोगिताओं से क्षेत्र में आपसी भाईचारा, सांस्कृतिक परंपराओं को बढ़ावा मिलता है। ऐसे आयोजन ग्रामीणों, युवाओं और नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति एवं परंपराओं रूबरू कराती है। आयोजन को सफल बनाने में प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग देने वाले सभी ग्रामवासियों, युवाओं, आयोजन समिति के सदस्यों एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया। जन्माष्टमी समारोह के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण, श्रद्धालु एवं आसपास के क्षेत्रों से आए दर्शनार्थी मौजूद रहे। देव प्रसाद गोलू केवट ने कहा आगामी आने वाले वर्षों में भी भव्य आयोजन होता रहेगा।

## खबर संक्षेप



### कोहरौद स्कूल में धूमधाम से मना शिक्षक दिवस

**मुंडा।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कोहरौद में शिक्षक दिवस पर छात्र-छात्राओं के द्वारा शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यमिक शाला की छात्र-छात्राओं ने सभी शिक्षकों का सम्मान किया गया जिसमें सम्मिलित प्रधान पाठक राजमहत चैतूराम बार्वे, पूर्व माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक देवराम वर्मा, प्राथमिक शाला की शिक्षक बसंत कुमार वर्मा, भुवनेश्वर कौशल, ओमेशवरि साहू, श्री राम विशाल पटेल, धर्मेंद्र साहू, लोकनाथ पटेल, विनोद कनौजिया, विपिन बंजारे, अमर दास गायकवाड, प्रदीप कश्यप, अवतिका का मन्नाडे वह ग्रामवासी सम्मिलित रहे।


### अपर कलेक्टर ने खरोरा तहसील कार्यालय का किया निरीक्षण



**खरोरा।** तहसील कार्यालय खरोरा में न्यायालय तहसीलदार एवं न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार में समय-सीमा से अधिक लंबित एवं समस्त राजस्व प्रकरणों की जांच अपर कलेक्टर उमाशंकर बंदे द्वारा की गई। जांच के दौरान अनुविभागीय अधिकारी राजस्व तिल्दा-नेवरा मुकेश कोठारी भी उपस्थित रहे। अपर कलेक्टर बंदे ने तहसीलदार सृजन सोनकर एवं अतिरिक्त तहसीलदार सूर्यकांत कुम्भकार के न्यायालयों में लंबित राजस्व प्रकरणों की प्रकरणवार समीक्षा की। उन्होंने लंबित प्रकरणों में पेशी की तिथि के मध्य अंतराल कम रखने तथा प्रकरणों का अनावश्यक रूप से लंबित न रखने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी राजस्व प्रकरणों का समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण एवं नियमानुसार निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही लंबित प्रकरणों की नियमित समीक्षा करते हुए प्राथमिकता के आधार पर त्वरित निराकरण करने पर जोर दिया।

### काव्य कलश शिक्षक सम्मान समारोह में संतकुमार सम्मानित

**गिधौरी।** काव्य कलश कला एवं साहित्य मंच खरसिया, जिला रायगढ़ के तत्वावधान में रविवार को गायत्री मंदिर परिसर में शिक्षक सम्मान समारोह एवं कवि सम्मेलन आयोजित हुआ।



समारोह में विभिन्न जिलों के 50 शिक्षकों को शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। इनमें गिधौरी में पदस्थ शिक्षक संतकुमार साहू को भी सम्मान मिला। मुख्य अतिथि जगरानी देवी विश्वविद्यालय बाराद्वार के कुलपति डॉ. बृजभूषण द्विवेदी रहे। अतिथियों ने शिक्षक को समाज और राष्ट्र निर्माण की महत्वपूर्ण कड़ी बताया। सम्मान समारोह के बाद कवि सम्मेलन में आमंत्रित कवियों ने अपनी रचनाओं से समां बांधा। कार्यक्रम में साहित्यकार, शिक्षक एवं साहित्य प्रेमी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### आयोजन : बच्चों ने बाल-गोपाल और राधा की मनमोहक वेशभूषा धारण कर आकर्षक प्रस्तुतियां दीं

# कृष्ण जन्मोत्सव मटकी फोड़ व सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मोहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार



श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर नगर में जगह-जगह धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसी कड़ी में नेहरू चौक में वार्डवासियों ने भगवान कृष्ण का जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन ने मंदिर में पूजा-अर्चना कर किया। अशोक जैन ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का जीवन मानवता, प्रेम, सौहार्द और धर्म की रक्षा का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि कृष्ण जन्मोत्सव आपसी भाईचारे और सामाजिक एकता को मजबूत करने का अवसर है। सभी को भगवान कृष्ण के आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करना चाहिए। कार्यक्रम में बच्चों ने भगवान कृष्ण की वेशभूषा धारण कर आकर्षक प्रस्तुतियां दीं। नगर पालिका अध्यक्ष ने प्रतिभागी बच्चों को पुरस्कृत किया। वार्ड पार्षद शेखर गुप्ता के नेतृत्व में मटकी फोड़, कुर्सी दौड़ सहित विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए। देर रात तक भक्ति गीतों से माहौल भक्तिमय बना रहा। आयोजन के अंत में प्रसाद वितरण एवं भोग-भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एल्डरमैन दिनेश वर्मा, योगेश अग्रवाल, संतोष गुप्ता, मुरारी साहू, मोहन गुप्ता, अजय साहू, ध्यानु गुप्ता, सुशील केसरवानी सहित वार्डवासी, महिलाएं एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

### दही हांडी में शांति नगर के युवक-युवतियों का दबदबा बरकरार



**पलारी।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर पलारी नगर में आयोजित दही हांडी प्रतियोगिता में शांति नगर के युवा एवं युवतियों का दबदबा एक बार फिर बरकरार रहा। बाजार चौक, बस स्टैंड एवं शांति नगर इन तीनों स्थानों पर शांति नगर की टीमों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी जगह बनाई। युवाओं ने अपनी एकजुटता, जोश और मेहनत का परिचय देते हुए दही हांडी फोड़कर सफलता हासिल की। वहीं शांति नगर की युवतियों ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा और उत्साह का परिचय दिया। लगातार हर वर्ष बेहतर प्रदर्शन करते हुए शांति नगर की टीमों ने अपना ही रिकॉर्ड कायम रखने की दिशा में एक और उपलब्धि हासिल की। इस अवसर पर भाजयुमो मंडल अध्यक्ष प्रमोद देवांगन ने शांति नगर के सभी युवा एवं युवती टीमों को बधाई देते हुए कहा कि, दही हांडी केवल एक प्रतियोगिता नहीं, बल्कि आपसी एकता, भाईचारे, साहस और टीम भावना का प्रतीक है। शांति नगर के युवाओं एवं युवतियों ने जिस उत्साह और अनुशासन के साथ शानदार प्रदर्शन किया है, उन्होंने कहा कि युवाओं की इसी ऊर्जा और एकजुटता से सामाजिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों को नई पहचान मिलती है।

# शिवरीनारायण के केवट मंदिर में मनाई गई श्री कृष्ण जन्माष्टमी





**गिधौरी।** धर्म एवं अध्यात्म की नगरी शिवरीनारायण के महानदी किनारे रामघाट स्थित श्री राम जानकी चौबीस अवतार भगवान श्री केवट मंदिर में श्री कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व बड़े ही भक्तिभाव एवं उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर महिला समिति शिवरीनारायण द्वारा कीर्तन-भजन का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की। जन्माष्टमी के अवसर पर भगवान के राजसी श्रृंगार किया गया। रात्रि 12 बजे भगवान श्री कृष्ण के जन्मोत्सव के अवसर पर महाआरती की गई। मंदिर के पुजारी भूपेंद्र तिवारी द्वारा विधिवत मंत्रोच्चार के साथ पूजा-अर्चना संपन्न कराई गई। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं द्वारा आँखों पर पट्टी बांधकर मटका फोड़ प्रतियोगिता में भी उत्साहपूर्वक भाग लिया गया। इस आयोजन ने जन्माष्टमी के उत्सव में विशेष आकर्षण एवं उल्लास का माहौल बना दिया। इस अवसर पर नगर के युवा समिति एवं महिला समिति के सदस्यों सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से चन्द्राणी केवट, मेनका केवट, सरोज केवट, पूर्णिमा केवट, पूनम केवट, रत्ना केवट,कमला ,मनीषा सीता ,कमलेश्वरी,अमरीका,लक्ष्मी, आँचल, आंशिक, रिया, यजु, विकास केवट, तीजराम केवट, राहुल केवट सहित अनेक लोग उपस्थित थे। उक्त जानकारी समाज के मीडिया प्रभारी एवं जिलाध्यक्ष उग्रेश्वर गोपाल केवट ने दी।

## जिला पुलिस के साइबर जागृति अभियान की ऑस्ट्रेलिया में गूंज



**बलौदाबाजार।** छत्तीसगढ़ पुलिस के प्रदेशव्यापी 'साइबर जागृति अभियान' की गूंज अब विदेश तक पहुंच गई है। बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस अधीक्षक गौरव राय की पहल पर ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न में कार्यरत भारतीय मूल के सॉफ्टवेयर इंजीनियर विवेक यदु ने अभियान से जुड़कर साइबर अपराध से बचाव के लिए लोगों को जागरूक रहने का संदेश दिया है। मेलबर्न से जारी वीडियो संदेश में यदु ने कहा कि आधुनिक तकनीक के दौर में साइबर अपराधी एआई, डीपफेक और वॉइस क्लोनिंग जैसी तकनीकों का इस्तेमाल कर लोगों को ठगी का शिकार बना रहे हैं। ऐसे में साइबर जागरूकता बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि फर्जी कॉल, डिजिटल अरेस्ट, दुर्घटना के नाम पर ठगी सहित अन्य मामलों में घबराने के बजाय पहले तथ्यों की पुष्टि करनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि साइबर सुरक्षा के लिए तकनीकी उपायों के साथ उपयोगकर्ता की जागरूकता भी जरूरी है।

### 'एक सेल्फी' पहल को बताया रचनात्मक

विवेक यदु ने पुलिस के 'जागरूकता की एक सेल्फी' अभियान की सराहना करते हुए इसे युवाओं को साइबर सुरक्षा से जोड़ने का रचनात्मक माध्यम बताया। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि पुलिस के बैनर-पोस्टर पर दिए गए क्यूआर कोड को स्कैन कर अभियान से जुड़ें और साइबर सुरक्षा संबंधी जानकारी परिवार, मित्रों एवं परिचितों तक पहुंचाएं। बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि किसी भी प्रकार की साइबर ठगी या संदिग्ध लिंक-कॉल की स्थिति में तत्काल राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन 1930 पर संपर्क करें।

## सिलाई प्रशिक्षण का 60 ग्रामीण महिलाओं को मिलेगा प्रमाण पत्र



हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड, कुकुरदी सीमेंट वर्क्स के सीएसआर विभाग द्वारा ग्राम ढनढनी एवं सरकीपार में संचालित तीन माह के बेसिक सिलाई प्रशिक्षण कार्यक्रम की मुख्य परीक्षा संपन्न हुई। ढनढनी केंद्र में परीक्षा आयोजित की गई, जबकि सरकीपार केंद्र में परीक्षा 4 सितंबर को हो चुकी है।

यह प्रशिक्षण 1 मई से 31 जुलाई 2026 तक संचालित किया गया। इसका उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं एवं बालिकाओं को रोजगारोन्मुखी कौशल प्रदान कर आत्मनिर्भर बनाना था। दोनों केंद्रों की कुल 60 प्रशिक्षणार्थियों ने लिखित एवं प्रायोगिक परीक्षा में भाग लिया। इसमें सिलाई का तकनीकी ज्ञान, माप लेने, डिजाइनिंग, परिधान निर्माण सहित प्रशिक्षण के दौरान अर्जित दक्षताओं का मूल्यांकन किया गया। प्रतिभागियों ने उत्साह एवं आत्मविश्वास के साथ अपने कौशल का प्रदर्शन किया। प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र आगामी सप्ताह में प्रदान किए जाने की योजना है। अल्ट्राटेक कुकुरदी के सीएसआर प्रमुख राजेंद्र कुशवाहा ने कहा कि महिलाओं एवं बालिकाओं को स्वरोजगार से जोड़कर उनकी आय बढ़ाने के लिए कंपनी लगातार प्रयासरत है। प्रशिक्षण के माध्यम से प्रतिभागियों को सिलाई एवं परिधान निर्माण के क्षेत्र में रोजगार के अवसर मिलेंगे।

## देश के टॉप-10 पुलिस कप्तानों में शामिल हुए एसपी गौरव राय

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार



बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के पुलिस अधीक्षक गौरव राय ने अपनी कार्यशैली और प्रभावी पुलिस नेतृत्व के दम पर राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाई है। फेम इंडिया-एशिया पोस्ट के 'सर्वश्रेष्ठ पुलिस कप्तान 2026' सर्वेक्षण में उन्हें देश के टॉप-10 पुलिस कप्तानों में स्थान मिला है। उन्होंने 875 अंक हासिल किए हैं। छत्तीसगढ़ से इस सूची में शामिल होने वाले वे एकमात्र पुलिस अधिकारी बताए गए हैं।

इस उपलब्धि पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने एसपी गौरव राय को शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने दंतेवाड़ा में उनके कार्यकाल के दौरान किए गए उल्लेखनीय कार्यों की विशेष सराहना की। उन्होंने चुनौतीपूर्ण नक्सल प्रभावित क्षेत्र में रणनीतिक पुलिसिंग, प्रभावी नक्सल विरोधी अभियानों और कानून-व्यवस्था को मजबूत करने में उनकी भूमिका को महत्वपूर्ण बताया।

2019 बैच के आईपीएस अधिकारी गौरव राय मूल रूप से महाराष्ट्र के अमरावती के निवासी हैं। पुणे से सिविल इंजीनियरिंग की शिक्षा प्राप्त करने के बाद उन्होंने सिविल सेवा परीक्षा उत्तीर्ण कर छत्तीसगढ़ कैडर चुना। बीजापुर में सेवा के बाद वर्ष 2023 में उन्हें दंतेवाड़ा का एसपी बनाया गया। दंतेवाड़ा में उन्होंने सुरक्षा अभियानों के साथ स्थानीय लोगों का विश्वास बढ़ाने, दूरस्थ क्षेत्रों में प्रशासनिक पहुंच मजबूत करने और विकास कार्यों के लिए सुरक्षित वातावरण तैयार करने पर जोर दिया। सुरक्षा बलों के बीच समन्वय, खुफिया सूचनाओं के प्रभावी उपयोग और संचालनात्मक तैयारियों को भी प्राथमिकता दी गई। इसके अलावा 'लोन वर्राटू' अभियान के माध्यम से आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास को पुलिसिंग का हिस्सा बनाया गया। हिंसा छोड़कर मुख्यधारा में लौटने वाले पूर्व नक्सलियों को शिक्षा, प्रशिक्षण और रोजगार से जोड़ने के प्रयास किए गए।

### सिंगारपुर में विधायक इन्द्र साव ने किया भूमिपूजन

# 10 लाख की लागत से बनेगा सामुदायिक भवन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा



ग्राम पंचायत सिंगारपुर में तहसील मेहर समाज की सांस्कृतिक, सामाजिक और बुनियादी आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए विधायक इन्द्र साव ने 10 लाख रुपए की लागत से सामुदायिक भवन निर्माण का विधि-विधान से भूमिपूजन किया।

इस नए भवन के निर्माण से स्थानीय मेहर समाज को अपने सामाजिक और सांस्कृतिक आयोजनों के लिए एक सर्वसुविधायुक्त मंच उपलब्ध होगा। भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों और युवाओं को संबोधित करते हुए विधायक इन्द्र साव ने कहा कि गांव की सुरक्षा, शांति व्यवस्था बनाए रखना और असामाजिक तत्वों पर नज़र रखना क्षेत्र के प्रमुख व्यक्तियों और युवा साथियों की सामूहिक जिम्मेदारी है। युवाओं को आगे आकर गाँव के विकास और सुरक्षा में अपनी सक्रिय भागीदारी निभानी चाहिए। विधायक ने क्षेत्र की जनता को आश्वस्त करते हुए आगे कहा, मेरा हर संभव प्रयास रहेगा कि ग्रामीण अंचलों में बुनियादी सुविधाओं की कोई कमी न हो। सड़क, पानी, बिजली और सामुदायिक भवनों जैसी मूलभूत आवश्यकताओं को प्राथमिकता के साथ पूरा किया जा रहा है और मेहर समाज के विकास के लिए मैं सदैव प्रतिबद्ध हूँ। इस अवसर पर सुरेश डांडेकर, रामरतन डांडेकर, श्यामरतन लहरी, मोहितराम दांडे, रामप्रसाद शिवारे, ईश्वर बघेल, संतोष लहरी, रमेश कुल्हाड़े, मोहितलहरी, गंगाप्रसाददांडे, कलाराम पाटले, प्रभु लहरी, शत्रुहन दांडे, राकेशमिर्जा, बेदराम लहरी, शालिकराम लहरी, राजू लहरी, वीरेंद्रलहरी, सुरेश दांडे, धनुषदांडे, संतोष दांडे, माखनदांडे सहित ग्राम सिंगारपुर के स्थानीय जनप्रतिनिधि, मेहर समाज के प्रमुख सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

